हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 पलेरा में बीमार गोवंश की सुध लेने वाला कोई नहीं, लंपी खतरे के बीच...



07 मैडम ! नाली पानी की समस्या तो हल होती रहेगी आप तो काल से बचा...



खबर संक्षेप

क्षपकराज सुआत्म सागर जी महाराज की संल्लेखना समाधि संपन्न

सागर। जैन समाज के क्षपकराज सुआत्म सागर जी महाराज की संल्लेखना समाधि मंगलवार 13 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे संपन्न हुई। उनकी डोला यात्रा 14 अक्टूबर को सुबह 7:30 बजे नमक मंडी से मंगलगिरी के लिए प्रस्थान करेगी। मड़ावरा, जिला ललितपुर निवासी 100 वर्षीय नंदकिशोर जी अस्वस्थ होने पर परिजनों द्वारा सागर के भाग्योदय लाया गया था। उनकी पौत्री प्रतिमाधारी कल्पना पारगुवां ने इस अवस्था में छेदन-भेदन नहीं कराने और आचार्य श्री के चरणों में जाने की भावना व्यक्त की। नंदकिशोर जी, परिजनों और रिश्तेदारों की सहमति से 3 अक्टूबर को संल्लेखना प्रारंभ हुई। आचार्य श्री विभवसागर जी ससंघ ने समय-समय पर संबोधन दिया। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के शिष्य नगर गौरव शाश्वत सागर जी ने विधि-विधान से धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराते हुए क्रमशः 10 प्रतिमाएं प्रदान कीं तथा क्षुल्लक दीक्षा देकर उनका नामकरण सुआत्म सागर जी किया। दस दिनों तक परिजन, रिश्तेदार और समाजजन उनकी सेवा एवं दर्शन के लिए पहुंचते रहे। महाराज जी के गृहस्थ जीवन के भतीजे आलोक जैन ने बताया कि इसी परिवार से क्षुल्लक विश्व भूषण सागर जी महाराज की समाधि भी हो चुकी है, जबकि विभूषणा श्री माताजी धर्म प्रभावना कर रही हैं। पं. राकेश रत्नाकर भी इसी परिवार से हैं और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हैं।

एक आदतन अपराधी को किया गया जिला बदर

सागर। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने को दृष्टिगत रखते हुए एक आदतन अपराधी को 10 माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कार्तिक पिता राजेश सेन उम्र 23 साल नि. प्रताप वार्ड खुरई जिला-सागर को 10 माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। यदि अपराधी के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेगा। परंतु इसके पूर्व अनावेदक को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दंडाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

जनसुनवाई में हुई 226 आवेदनों पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 226 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मोना दांगी, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

कलेक्टर के निर्देश, दीपावली पर कुम्हारों को हाट बाजारों में मिलेगा उचित स्थान

सागर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रतिभा पाल ने दीपावली पर्व पर कुम्हारों को हाट बाजारों में उचित स्थान उपलब्ध कराने तथा उनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं करने के निर्देश दिए हैं। दीपावली पर्व के अवसर पर नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुम्हार समुदाय के परंपरागत शिल्पियों द्वारा मिट्टी की मूर्तियां, दीये एवं सजावटी उत्पाद बनाकर बाजारों में विक्रय किए जाते हैं। यह उनके जीवन का मुख्य आधार है।

सागर में क्रिप्स की सुहास परियोजना का आगाज़

देवरी और केसली ब्लॉक से शुरू होगा गैर-संचारी बीमारियों का घर-घर स्क्रीनिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) एवं मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गैर-संचारी बीमारियों की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीज द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित सुहास परियोजना सागर जिले में शुरू की जाएगी। जिले के देवरी और केसली विकासखंड को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है।

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंगलवार 13 अक्टूबर को कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में क्रिस्प के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राधेश्याम जुलानिया तथा परि योजना के सलाहकार मनोहर अगनानी ने स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों को परियोजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

राधेश्याम जुलानिया ने कहा कि जिले के देवरी और केसली विकासखंड पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता



एवं सीएचओ संयुक्त रूप से अभियान संचालित करेंगे। इसके तहत प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर घर-घर परिवार के सदस्यों की आभा आईडी बनवाई जाएगी, स्वास्थ्य सर्वे एवं स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। लेकिन प्रत्येक परिवार की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाएगी।

30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की होगी स्क्रीनिंग

परियोजना सलाहकार मनोहर अगनानी ने बताया कि सुहास परियोजना के अंतर्गत 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सभी हितग्राहियों का विवरण एनसीडी पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, ताकि उनका नियमित फॉलोअप और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप एक साइलेंस किलर है। अतः 30 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को इसकी नियमित रूप से जांच करना चाहिए और नियमित दवायें लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप और मधुमेह रोग के जब तक लक्षण पता चलते हैं तब बहुत देर हो चुकी होती है। अतः परीक्षण ही एक ऐंसा माध्यम है जिससे इन रोगों का पता अपनी प्रारंभिक अवस्था में लगाया जा सकता है। अभियान के दौरान लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं नशे से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

मुरैना, बालाघाट के बाद अब सागर में होगा विस्तार

कार्यशाला में बताया गया कि मध्यप्रदेश में सुहास परियोजना का सफल संचालन मुरैना और बालाघाट जिले में किया गया है। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब इसका विस्तार सागर जिले में किया जा रहा है। परियोजना की शुरुआत देवरी और केसली विकासखंड से होगी, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से जिले के अन्य विकासखंडों में भी इसका विस्तार किया जाएगा।

सभी विभागों के समन्वय से चलेगा अभियान

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों की समय पर स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-संचारी रोगों की शीघ्र पहचान कर प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके और लोगों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाया जा सके।

कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटैरिया उपस्थित रहे।



सिविल लाइन चौराहे को मिली नई पहचान अब कहलाएगा परशुराम चौराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के प्रमुख सिविल लाइन चौराहे को अब परशुराम चौराहे के नाम से जाना जाएगा। महापौर संगीता सुशील तिवारी के प्रयासों से ब्राह्मण समाज की कई दशकों पुरानी मांग पूरी हुई है। चौराहे पर भगवान परशुराम स्तंभ का निर्माण पूरा हो चुका है। महापौर ने मौके पर पहुंचकर स्तंभ का निरीक्षण किया। चौराहे के चारों ओर फरसा, धनुष और शिलालेख लगाए जाएंगे। वहीं, अटल पार्क में भगवान परशुराम जी की 35 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कार्य जारी है।

एमआईसी में सर्वसम्मति से मिली सहमति

सिविल लाइन चौराहे का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर तिवारी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर चौराहे का नाम बदलने की मांग की थी। महापौर ने प्रस्ताव को नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआई सी) में रखा, जहां सर्वसम्मति से सहमति बनी। इसके बाद नामकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि शहर के अन्य प्रमुख स्थलों को भी चिह्नित किया जा रहा है। उद्देश्य ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक महत्व से जुड़े स्थानों को विशिष्ट पहचान दिलाना है। परशुराम स्तंभ का निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।चौराहे का नामकरण होने पर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने महापौर का आभार जताया। उन्होंने इसे समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताते हुए सागर की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य संगीता शैलेश जैन, कंचन सोमेश जड़िया, टप्पू चौबे, लालू तिवारी, बाटू दुबे मौजूद थे।



डॉ.लोहिया के सिद्धांतों को सारी दुनिया मानती है: बद्री प्रसाद

सागर। डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि संजय ड्राइव सागर में लोहिया पार्क में मनाई गई । इस अवसर पर लोहिया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके जीवन पर चर्चा की गई। डॉ बद्री प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा की डॉक्टर लोहिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रखर समाजवादी नेता थे उनका सिविल नफर माही का संदेश पूरी दुनिया मान रही है, और आज की युवा पीढ़ी उनके बताए रास्ते पर आगे बढ़ रही है। 60 के दशक में जो बातें डॉक्टर लोहिया ने संसद के अंदर उठाई थी चाहे वह नर नारी समानता की बात हो, युवाओं को मताधिकार देने की बात हो और गैर बराबरी मिटाने की बात हो भारतीय राजनीति में इन बातों की चर्चा अब आगे बढ़ रही है। कांग्रेस नेता रामकुमार पचौरी ने कहा कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों को जीने वाले और आम गरीब व्यक्ति की लड़ाई को लड़ने वाले व्यक्ति थे उनके आदर्शों पर चने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आभार विनोद तिवारी ने माना। कार्यक्रम में सुरेंद्र सुहाने, पप्पू गुप्ता, जीवन पटेल, सिन्टू कटारे, कपिल पचौरी, संजय व्यास, प्रवीण यादव आदि जन उपस्थित रहे।

हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य प्राथमिकता से पूर्ण करें: कमिश्नर दिलीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने अपने कार्यालय में सामाजिक न्याय, योजना, सांख्यिकी कोष, लेखा, पेंशन, स्वास्थ्य, बीएमसी और महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें और संयुक्त भ्रमण की आवश्यकता हो तो समन्वय बनाकर कार्य करें।

कमिश्नर कुमार ने कहा कि संभाग में अपूर्ण निर्माणाधीन कार्यों को तत्परता से समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अपूर्ण कार्यों की एजेंसीवार जानकारी शीघ्र तैयार कर



देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक निधि के लंबित स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने सामाजिक न्याय विभाग को हितग्राहियों को पेंशन राशि का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग के जिलों में पेंशन संबंधी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करें। पेंशन संबंधी योजनाओं में राशि की आवश्यकता है तो राशि प्राप्त करने के लिए कार्रवाई की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय परिवार सहायता, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आदि योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी जनपदवार तैयार कर ली जाए। कमिश्नर कुमार ने कर्मचारियों के पेंशन संबंधी प्रकरणों और पीपीओ जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का वेतन निर्धारण करने के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेतन निर्धारण के लिए संभाग में शिविर आयोजित किए जाएं।

कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था और विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एनीमिया से बचाव के लिए हीमोग्लोबिन बढ़ाने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने सहित विभिन्न निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों को चश्मा वितरण एवं नेत्र रोगियों के ऑपरेशन अधिक से अधिक करने की समझाइश दी। कमिश्नर कुमार ने सागर में कैंसर अस्पताल खुलवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम एवं पोषण आहार वितरण सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाने के निर्देश दिए।

चार पंचायत सचिवों पर शास्ति अधिरोपित

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के आदेशानुसार मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर चार पंचायत सचिवों पर जुर्माना लगाया गया है। संबंधित सचिवों के विरुद्ध जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत आवेदनों में विलंब पाए जाने पर शास्ति अधिरोपित की गई है।जारी आदेश के अनुसार अरविंद लोधी सचिव ग्राम पंचायत नयानगर, जनपद पंचायत केसली रुकमगिरी गोस्वामी सचिव ग्राम पंचायत खटोला केसली, जनपद पंचायत केसली असलम खान सचिव ग्राम पंचायत बरेठी, जनपद पंचायत शाहगढ़ प्रहलाद सिंह लोधी सचिव ग्राम पंचायत रतनपुर, जनपद पंचायत शाहगढ़ पर शास्ति अधिरोपित की गई है। इस प्रकार चार पंचायत सचिवों पर जुर्माना लगाया गया है। संबंधित सचिवों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री बालाजी धाम केरबना में एक दिवसीय दिव्य सत्संग का आयोजन

सच्चे हृदय से ठाकुर जी का हो गया, तो दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता : स्वामी किशोरदास देव जू महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भगवान के प्रति संपूर्ण समर्पण, अटूट विश्वास और निर्मल हृदय का भाव है। जब कोई जीव सच्चे मन से ठाकुर जी का हो जाता है, तो उसका जीवन ही नहीं, उसकी आत्मा भी प्रभु की कृपा से धन्य हो जाती है। एक बार जो सच्चे हृदय से ठाकुर जी की शरण में आ जाता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता। यह बात श्री बालाजी धाम केरबना के पवित्र मंदिर प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय दिव्य सत्संग में परम पूज्य स्वामी महंत 108 श्री किशोरदास देव जू महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से कही।

स्वामी जी ने कहा कि भक्तमाल की कथा के बिना भक्ति का वास्तविक भाव जागृत नहीं होता। मन में भक्ति का संचार करने के लिए सत्संग आवश्यक है। सत्संग का सौभाग्य, संतों के दर्शन, श्रीवृंदावन धाम की यात्रा तथा गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पवित्र नदियों के जल का आचमन करने का अवसर भी ठाकुर जी की कृपा से ही प्राप्त होता है। संतों के दर्शन मात्र से जीव का कल्याण होता है। संतों की करुणा और कृपा से ही मनुष्य के हृदय में भगवान के प्रति प्रेम और सेवा का भाव जागृत



होता है।

भगवान को पहचानने के लिए चाहिए सच्ची श्रद्धा

स्वामी किशोरदास देव जू महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और पांडवों का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण साक्षात परमात्मा हैं, लेकिन पांडवों के साथ उनका व्यवहार सखा जैसा था। पांडवों ने श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में स्वीकार किया, जबकि कौरवों ने उन्हें अपने कुटुंब का सदस्य माना। यह प्रसंग बताता है कि भगवान की पहचान बाहरी संबंधों से नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण से होती है। उन्होंने कहा कि संतों के दर्शन और उनकी कृपा से जीव को लाड़ली जू और प्रिया जू की सेवा का भाव प्राप्त होता है।

आचार्य चरणों की कृपा से बदल जाता है जीवन

भक्ति के सिद्धांत को समझाते हुए स्वामी जी ने कहा कि भक्ति में ऐसी शक्ति है, जो असंभव को भी संभव बना देती है। गूंगा बोल नहीं सकता, लंगड़ा चल नहीं सकता और बहरा सुन नहीं सकता, लेकिन जब जीव आचार्य चरणों की शरण में आता है और ठाकुर जी की कृपा होती है, तो उसके जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन संभव हो जाते हैं। यह किशोरी जी की करुणा और कृपा का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि भक्ति का मार्ग सहज, सुगम और सरल है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है अपने अहंकार को त्यागकर भगवान के प्रति स्वयं को समर्पित कर देना।

मां की ममता जैसी है किशोरी जी की कृपा

मां और बच्चे के वात्सल्यपूर्ण उदाहरण से भगवान की करुणा को समझाया। उन्होंने कहा कि मां चाहे कितनी ही कीमती साड़ी क्यों न पहने हो, यदि उसका बच्चा मल-मूत्र से सना हुआ है, तो भी वह उसे अपनी गोद में उठा लेती है और साफ करके अपने हृदय से लगा लेती है। मां अपने बच्चे की गंदगी से घृणा नहीं करती, बल्कि ममता से उसकी सफाई करती है। इसी प्रकार हमारे मन और जीवन में कितनी ही बुराइयां क्यों न हों, किशोरी जी अपनी करुणा और कृपा से उन्हें दूर कर जीव को अपनी शरण में स्थान देती हैं।

भगवान की कृपा का द्वार सभी के लिए खुला है, आवश्यकता केवल सच्चे हृदय से उनकी शरण में आने की है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

फोटो निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने एवं मतदाता सूची को अद्यतन करने के संबंध में आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इन्डियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इण्डिया एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिकों एवं प्रथम बार/युवा पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने के लिए निरन्तर अद्यतन प्रक्रिया के तहत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करने के कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रथम बार पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य अभियान में किया जा है। पात्र नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन के साथ आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज निर्धारित नियमों के अनुसार उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि नए एवं पंजीकरण से छुटे पात्र मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्राप्त करना तथा आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करना है। इसके लिए तहसील स्तर पर एस.डी एम./तहसीलदार एवं जिला स्तर पर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है।

कहीं लंपी संक्रमण जैसे लक्षणों से जूझ रहीं गाय, तो कहीं बछिया के गहरे घावों में पड़े कीड़े

पलेरा में बीमार गोवंश की सुध लेने वाला कोई नहीं, लंपी खतरे के बीच अभियान पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

नगर और क्षेत्र में बीमार एवं घायल गोवंश की बदहाल स्थिति पशु चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। कहीं गायों में लंपी वायरस के संक्रमण जैसे लक्षण दिखाई देने की बात सामने आ रही है, तो कहीं एक छोटी बछिया के पैर में गहरे घाव और उनमें कीड़े पड़ने की हृदयविदारक स्थिति बेजुबान पशुओं की पीड़ा को उजागर कर रही है। इसके बावजूद बीमार और घायल गोवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे हालात में शासन के टीकाकरण अभियान और गोवंश संरक्षण से जुड़े दावों की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

नगर में गोवंश की इस स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और गोसेवकों में चिंता व्याप्त है। उनका आरोप है कि गोवंश के संरक्षण और बीमार पशुओं के उपचार को लेकर जिम्मेदार विभाग की सक्रियता धरातल पर नजर नहीं आ रही है। यदि समय रहते बीमार पशुओं की पहचान कर उनका परीक्षण, उपचार और आवश्यक टीकाकरण नहीं कराया गया तो पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। विशेष रूप से लंपी संक्रमण की आशंका वाले पशुओं को समय पर पशु चिकित्सकीय जांच उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि बीमारी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और संक्रमण की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा सकें।



कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी जमीनी अमल पर सवाल

गौरतलब है कि टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा लंपी वायरस से गोवंश के बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इन निर्देशों का उद्देश्य प्रभावित पशुओं की पहचान, समय पर उपचार और आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करना है। ऐसे में पलेरा नगर और आसपास के क्षेत्रों में इन निर्देशों का कितना पालन हो रहा है, यह महत्वपूर्ण सवाल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीमार पशुओं के उपचार और टीकाकरण को लेकर जिस स्तर की सक्रियता दिखाई देनी चाहिए, वह नजर नहीं आ रही है। हालांकि, क्षेत्र में अब तक कितने पशुओं का परीक्षण किया गया, कितने पशुओं को टीके लगाए गए और कितने बीमार पशुओं को उपचार मिला, इसका स्पष्ट आंकड़ा सामने आना बाकी है।

नेटवर्क की समस्या बताकर बातचीत से बचने का प्रयास

पलेरा में गोवंश की स्थिति और टीकाकरण अभियान की वास्तविक प्रगति के संबंध में जब पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. एम. सेंगर से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उपलब्ध जानकारी के अनुसार उन्होंने नेटवर्क नहीं आने की बात कहते हुए बातचीत नहीं की। ऐसे में विभाग की ओर से यह स्पष्ट नहीं हो सका कि क्षेत्र में बीमार और घायल पशुओं के उपचार के लिए क्या व्यवस्था की गई है तथा लंपी वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान किस स्तर पर संचालित किया जा रहा है। मामले में विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने आने पर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

शिविर लगाकर उपचार और टीकाकरण कराने की मांग

नगर में बीमार और घायल गोवंश की लगातार सामने आ रही स्थिति को देखते हुए स्थानीय नागरिकों और गोसेवकों ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पशु चिकित्सा शिविर आयोजित करने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बीमार पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और जिन पशुओं में लंपी संक्रमण के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उनकी चिकित्सकीय जांच कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही घायल पशुओं के घावों की सफाई, ड्रेसिंग और जरूरी दवाइयों की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें असहनीय पीड़ा से राहत मिल सके। इसके अलावा लंपी वायरस से बचाव के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की मांग भी उठाई गई है। पशु चिकित्सा विभाग को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि पलेरा नगर और आसपास के क्षेत्रों में अब तक कितने पशुओं का परीक्षण किया गया है, कितने पशुओं को टीके लगाए गए हैं और बीमार पशुओं के उपचार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

दावों के बीच बेजुबानों की पीड़ा बनी बड़ा सवाल

गोवंश की सेवा और संरक्षण को लेकर समय-समय पर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन बीमार और घायल पशुओं की ऐसी स्थिति इन दावों की वास्तविकता पर सवाल खड़े करती है। बेजुबान पशु अपनी पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए उनकी देखभाल की जिम्मेदारी संबंधित विभाग और समाज दोनों की है। ऐसे में केवल औपचारिकताओं तक सीमित रहने के बजाय बीमार पशुओं तक उपचार पहुंचाना और संक्रमण की रोकथाम के लिए ठोस कार्रवाई करना जरूरी है। अब देखना यह है कि पलेरा में गोवंश की बदहाली को लेकर उठ रहे सवालों पर पशु चिकित्सा विभाग और जिला प्रशासन कितनी गंभीरता दिखाते हैं। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर प्रभावित पशुओं के उपचार, नियमित निगरानी और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि बेजुबान पशुओं को समय पर राहत मिल सके।

सीएमओ ने संभाली कमान

वृंदावन तालाब का पानी व्यर्थ बहने से रोकने कलेक्टर की पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर की लाइफ लाइन माने जाने वाले वृंदावन तालाब के पानी को व्यर्थ बहने से बचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका ने त्वरित पहल की है। कई दिनों से तालाब का पानी बिना किसी उचित कारण के लगातार बह रहा था, जिससे बहुमूल्य जल की बर्बादी के साथ तालाब का जलस्तर घटने की आशंका भी बढ़ रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने तत्परता दिखाते हुए पानी के बहाव को रोकने के लिए आवश्यक कार्य शुरू कराया।

वृंदावन तालाब शहर के प्रमुख जलस्रोतों में शामिल है और इसका पानी सुरक्षित रखना शहर के व्यापक हित से जुड़ा हुआ है। ऐसे में तालाब से लगातार पानी बहने की स्थिति सामने आने के बाद जल संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ गई थी। यदि समय रहते पानी के अनावश्यक बहाव को नहीं रोका जाता, तो इससे तालाब में संग्रहित पानी की मात्रा प्रभावित होने की आशंका थी। इस समस्या से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशों के बाद नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हुआ और सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए। प्रशासन की इस त्वरित पहल से तालाब के पानी को संरक्षित करने की दिशा में कार्रवाई शुरू हो गई है। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि अनावश्यक बहाव रुकने के बाद तालाब में उपलब्ध जल को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

जल संरक्षण के लिए जरूरी है समय पर कार्रवाई : वृंदावन तालाब जैसे प्रमुख जलस्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि शहर के भविष्य और जल उपलब्धता से भी जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। जलस्रोतों में संग्रहित पानी की बर्बादी रोकने के लिए समय रहते समस्याओं की पहचान और उनका निराकरण आवश्यक है। ऐसे में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश और सीएमओ ओमपाल भदौरिया की तत्परता से शुरू हुई कार्रवाई को जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि तालाब से पानी के अनावश्यक बहाव को स्थायी रूप से रोका जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। प्रशासन की इस पहल से शहरवासियों को उम्मीद है कि वृंदावन तालाब का बहुमूल्य पानी सुरक्षित रखने और शहर के इस महत्वपूर्ण जलस्रोत को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

अधेड़ से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक अधेड़ व्यक्ति के साथ मारपीट करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मानिकपुर निवासी मिसन सिंह लोधी पुत्र नथू सिंह लोधी ने थाना मड़ावरा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही कमल पुत्र तेज सिंह लोधी, पर्वत पुत्र लटोरे लोधी, राजकुमारी पत्नी तेज सिंह लोधी और मकुन सिंह पुत्र प्रेम सिंह लोधी उनसे रंजिश रखते हैं।

दबिश देने गई थी पुलिस

पुलिस टीम पर पथराव व मारपीट, 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम दौलता में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है। 11 अक्टूबर 2026 को थाना तालबेहट पुलिस वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम दौलता निवासी सुरेंद्र उर्फ सुमेंद्र के घर दबिश देने गई थी। पुलिस टीम जब उसे हिरासत में ले रही थी, तभी उसके घरवालों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना तालबेहट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए 12 अक्टूबर को ग्राम ककड़ारी के पास से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम दौलता निवासी आजाद यादव पुत्र माधव सिंह यादव (59 वर्ष), कमल यादव पुत्र लाखन यादव (32 वर्ष), विनीता यादव पत्नी आजाद यादव (55 वर्ष), अशोक यादव पुत्र जय सिंह यादव (37 वर्ष) तथा सोन सिंह यादव पुत्र जय सिंह यादव (45 वर्ष) शामिल हैं। इस मामले में थाना तालबेहट में मुकदमा अपराध संख्या 373/26 के तहत बीएनएस की धारा 109(2), 121, 132, 263, 191(2), 190, 351(3) और 352 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्र पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

कलेक्टर ने योजनाओं व लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम आवास और सेवा संकल्प अभियान की प्रगति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



आमजन की समस्याओं के निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, योजनाओं की प्रगति और पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सेवा संकल्प अभियान, सेवा सेतु अभियान और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सहित शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित विभागों से इन अभियानों के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इन अभियानों का उद्देश्य आम नागरिकों तक शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही टीएल पत्रों पर की गई कार्रवाई और पिछली टीएल बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी भी ली गई। विभिन्न विभागों में लंबित मामलों के निराकरण की प्रगति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एनजीटी वेटलैंड अनुपालन, भू-अर्जन, वन अधिकार पट्टे और राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। इन विषयों से जुड़े मामलों में विभागीय समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई महत्वपूर्ण है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों की स्थिति पर नजर रखें तथा लंबित मामलों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

किसानों से जुड़ी व्यवस्थाओं और खाद वितरण पर चर्चा

बैठक के दौरान फार्मर रजिस्ट्री तथा ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने और खाद वितरण संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के संबंध में चर्चा हुई। इसके अलावा पीएमडीडीकेवाई और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) की प्रगति की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो और हितग्राहियों को लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कोर्ट और अवमानना प्रकरणों पर भी रहा जोर

टीएल बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों और अवमानना मामलों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर लंबित टीएल पत्रों तथा पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन की स्थिति पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने और संबंधित मामलों की प्रगति पर ध्यान देने के लिए कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम जतारा नीरज खरे, एसडीएम बल्देवगढ़ निशांत भूरिया, डिप्टी कलेक्टर शुभ्रता त्रिपाठी, अंजली शर्मा सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, शिकायतों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया।

ललितपुर के 1.88 लाख किसानों को मिलेगी 67.43 करोड़ रुपए की राहत

आधार, बैंक पासबुक, दस्तावेजों के सत्यापन के बाद भुगतान जारी

ललितपुर। बाढ़, अतिवृष्टि एवं चक्रवात के कारण फसल क्षति से प्रभावित जिलेके किसानों को राहत पहुंचाने के लिए शासन ने 67 करोड़ 43 लाख 77 हजार 664 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। जिले के कुल 1,88,839 प्रभावित किसानों के सापेक्ष यह धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर से प्रदेश के आपदा प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान की राहत राशि हस्तांतरित किए जाने के कार्यक्रम का सदर तहसील में लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया, जिसे सभी तहसीलों से प्राप्त आंकड़ों का सत्यापन करने के बाद प्रभावित किसानों की संख्या निर्धारित की गई है। राहत सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल तहसील स्तर पर किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य जरूरी दस्तावेज एकत्र कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिला प्रशासन से प्राप्त तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार, सदर तहसील में 36,912, महरौनी में 45,389, तालबेहट में 40,740, पाली में 25,662 तथा मड़ावरा तहसील में 40,136 किसान आपदा से प्रभावित हुए हैं।

इन सभी तहसीलों के किसानों को राहत सहायता उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर से धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक अभिलेख जुटाए जा रहे हैं। किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। पात्र किसानों तक सहायता राशि पहुंचाना है, ताकि फसल क्षति के कारण उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों को कम किया जा सके। आपदा के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने से किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रामलीला के दूसरे दिन रावण तपस्या, सजीव अभिनय की प्रस्तुति दी

मेघनाद दिग्विजय व पृथ्वी पुकार लीला का भव्य मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला एवं श्रीकिशोरी रासलीला के दूसरे दिन रावण तपस्या, मेघनाद दिग्विजय और पृथ्वी पुकार लीला का भव्य मंचन किया गया। श्रीधाम वृंदावन से आए किशोरी रासलीला एवं रामलीला संस्थान के कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय और शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रामलीला का मंचन संस्थान संस्थापक स्वामीश चौहान ओमप्रकाश पुजारी महाराज के निर्देशन में किया जा रहा है। शुभारंभ कोरस गीतों के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने पौराणिक प्रसंगों का सजीव मंचन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक प्रसंग ने दर्शकों को रामायण



की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपरा से जोड़ते हुए धर्म, सत्य और मर्यादा के महत्व का संदेश दिया। रामलीला के प्रथम प्रसंग में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण द्वारा भगवान ब्रह्मा की कठोर तपस्या का मंचन किया गया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उन्हें वरदान प्रदान किए।

कलाकारों ने इस प्रसंग के माध्यम से तीनों भाइयों की तपस्या और वरदान प्राप्ति के दृश्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद मेघनाद की दिग्विजय का मंचन हुआ, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। लीला के अगले प्रसंग में दिखाया गया कि जब पृथ्वी पर रावण और अन्य असुरों के अत्याचार बढने लगे तथा अधर्म का प्रभाव फैलने लगा, तब पृथ्वी माता व्याकुल होकर भगवान नारायण के समक्ष पहुंचीं। देवताओं ने भी भगवान से पृथ्वी को पाप, अत्याचार और अधर्म से मुक्त कराने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना सुनकर भगवान नारायण ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह अयोध्या के राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लेकर पृथ्वी को अधर्म से मुक्त करेंगे। भगवान श्रीराम के अवतार की आकाशवाणी के साथ दूसरे दिन की लीला का समापन हुआ। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रामलीला के माध्यम से संदेश दिया गया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर अवतार लेते हैं। कलाकारों की प्रस्तुति, संवाद और मंचीय अभिनय ने धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। रामलीला में रावण की भूमिका गोविन्द मिश्रा, कुंभकर्ण की हरिओम, विभीषण की शिवराम, ब्रह्मा की मुकेश, व्यासजी की राधेश्याम, मेघनाद की त्रिलोकी पाण्डेय तथा पृथ्वी माता की भूमिका भूरा ब्रजवासी ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से पौराणिक प्रसंगों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया।

सोईकलां में जनसुनवाई करने पहुंची कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताई कैंसर की भयावता

मैडम! नाली पानी की समस्या तो हल होती रहेगी आप तो काल से बचा लो हमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मैडम! नाली पानी का सुधार तो होता रहेगा आप तो हमें इस काल से बचा लो जो पूरे क्षेत्र को निगल रहा है। सौ से ज्यादा मौतें इस काल की वजह से हो गई है और दर्जनों काल का ग्रास बनने को आतुर हैं। यह बात मंगलवार को सोईकलां में आयोजित जनसुनवाई में आई एक बुजुर्ग महिला ने गांव में व्याप्त कैंसर रोग की समस्या की ओर कलेक्टर शीला दाहिमा का ध्यान आकर्षित कराते हुए कही। ज्ञात हो कि कलेक्टर शीला दाहिमा ने इस बार मंगलवार की जनसुनवाई सोंईकला कस्बे में पहुंचकर की है। जनसुनवाई में 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। लेकिन जनसुनवाई में पेचीदा मामला क्षेत्र में कैंसर रोग फैलने का उठ गया।

महिला ने कलेक्टर को बताया कि इस क्षेत्र में कैंसर महामारी के रूप में फैला हुआ है। 100 के करीब लोगों की मौत कैंसर से हो गई है और दर्जन भर लोग अभी भी इलाज करा रहे हैं। चूंकि कैंसर रोग एक बीमारी है जो गलत खान पान की वजह से होती है पर महामारी की तरह नहीं फैलती है। फिर भी किसी क्षेत्र विशेष को चिन्हित कर फैल रही है यह चिंता की बात है कलेक्टर ने पीएचई को पानी सेम्पल लेकर जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही इस विषय पर चर्चा करने पर ग्रामीणों ने बताया कि यहां जो खेती की जाती है उसमें कीटनाशक का उपयोग भरपूर मात्रा में किया जा रहा है जिससे लोग कैंसर ग्रस्त हो रहे हैं। कलेक्टर ने किसानों से अपील की है कि वह जैविक खाद का उपयोग करें रासायनिक खाद दवाईयो के उपयोग से बचें। सोंईकलां के बालाजी पार्क में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सीईओ जनपद अभिषेक त्रिवेदी, तहसीलदार दीपेश धाकड, सरपंच हरिसिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।



इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता,तीन को मिला आवास का लाभ

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन का मौके पर ही निराकरण करते हुए आवेदक राधेश्याम बैरवा को रेडक्रॉस से 7 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। आवेदक ने बताया कि उसके पुत्र आंनद बैरवा का इलाज चल रहा है तथा आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास की मांग से संबंधित तीन आवेदनों का मौके पर निराकरण करते हुए आवास सर्वे 2.0 में नाम जोडने की कार्यवाही की गई। इस दौरान पारी बाई, संध्या सुमन तथा कांति बाई रजक के नाम जोडने की प्रक्रिया की गई। इसी प्रकार सुलेमान को अवगत कराया गया कि आवास योजना के तहत राशि भी स्वीकृत हो गई है तथा शीघ्र ही प्रथम किस्त का भुगतान बैंक खाते के माध्यम से किया जायेगा। इसके साथ ही ग्राम सीसवाली निवासी बाबूलाल बैरवा ने अवगत कराया कि लगभग 12 परिवारों को इसलिए आवास योजना का लाभ नही मिला कि संबंधित पंचायत के सचिव द्वारा पक्का घर होने की रिपोर्ट लगा दी गई है, इस पर निर्देश दिये गये कि मकान पक्के है अथवा कच्चे इसकी जांच रिपोर्ट अन्य विभाग के सब इंजीनियर से प्राप्त की जायें तथा पात्र लोगों के नाम आवास 2.0 में जोडने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जायें।



स्टॉप डैम की मांग पर मौका मुआयना करने पहुंची कलेक्टर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा सीप नदी पर स्टॉप डैम बनाये जाने की सामूहिक मांग पर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया तथा अधिकारियों से इस संबंध में प्रचलित कार्यवाही की जानकारी ली गई। जिला पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि 180 मीटर स्टॉप डैम निर्माण के लिए साढे चार करोड रूपये की राशि का स्टीमेट भोपाल भेजा गया है। इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिये कि उनके माध्यम से उक्त स्टॉप डैम की स्वीकृति के लिए पुनः पत्र प्रेषित किया जायें। इस अवसर पर उन्होंने शांतिधाम परिसर का अवलोकन कर साफ-सफाई तथा अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि शांतिधाम का रख-रखाव किया जायें तथा मरम्मत योग्य आवश्यक कार्य पूर्ण कराये जाये।

किसानों से की पराली न जलाने की अपील

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बेलर के माध्यम से पराली का प्रबंधन कराया जायें। किसानों ने जानकारी दी कि अगले 15 दिन बाद धान की कटाई शुरू हो जायेगी, जिससे खेतो में पराली का उठाव कराना होगा। इस पर निर्देशित किया गया कि बेलर संचालको से संपर्क कर पराली का उठाव सुनिश्चित किया जायें। इस अवसर पर उन्होंने पराली को न जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है तथा खेत की उर्वरा शक्ति भी कम होती है।

ढोढर थाना क्षेत्र के तिल्लीडेरा में हादसा

थ्रेसर में फंसने से किसान की दर्दनाक मौत, शरीर के हुए कई टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र के ग्राम तिल्लीडेरा में एक किसान की मंगलवार की दोपहर को थ्रेसर में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। थ्रेसर में फंसे किसान को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, लेकिन थ्रेसर में फंसने के दौरान किसान के शरीर के कई टुकडे हो गए। किसान बाजरे की थ्रेसिंग कर रहा था, इसी दौरान हादसा हो गया। ढोढर थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम तिल्लीडेरा निवासी किसान राकेश सिंह राठौड 50 वर्ष पुत्र अजमेर सिंह राठौड मंगलवार की दोपहर को अपने खेत पर अपने ही थ्रेसर से बाजरा की फसल की कटाई करवा रहा था। बाजरा की फसल आधी से ज्यादा कट चुकी थी, इस दौरान राकेश सिंह चलते थ्रेसर के पास यह देखने के लिए पहुंच गया कि अब कितनी फसल रह गई है। इस दौरान उसने पहना कपडा थ्रेसर में उलझ गया और कपडे के साथही राकेश सिंह भी थ्रेसर में उलझ गया। हालांकि वहा मौजूद लोगो ने तत्काल थ्रेसर को बंद करवा दिया,लेकिन तब तक राकेश सिंह का शरीर थ्रेसर में फंसकर कई टुकडो में बंट चुका था। बडी मुश्किल से उसके शव को थ्रेसर से बाहर निकाला। इसके बाद उसे पुलिस ने पीएम के लिए जिला अस्पताल में पहुंचवाया। ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि पीएम के उपरांत शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया है और मामले में मर्ग दर्ज कर विवेचना की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नपा के अमले के साथ ट्रैफिक पुलिस ने शहर में घूमकर की कार्रवाई

नो पार्किंग में खड़े 12 वाहनों का बनाया चालान लाइन डलवाकर चिन्हित करवाए ऑटो स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य को लेकर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने नगर पालिका प्रशासन के अमले के साथ शहर का भ्रमण करते हुए न सिर्फ अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया,बल्कि नो पार्किंग में खडे 12 वाहनो को पकडकर उनके चालान बनाकर 6 हजार रूपए का जुर्माना भी वसूला गया। साथही निर्धारित किए आधा दर्जन ऑटो स्टैंडों पर लाइनिंग डलवाकर उन्हें चिन्हित करवाते हुए ऑटो चालको को यह निर्देश भी सख्ती के साथ जारी कर दिए कि अब निर्धारित रूटो के अनुसार ही ऑटो का संचालन किया जाए,अन्यथा चालानी कार्रवाई की जाएगी।

यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सडक सुरक्षा समिति की बैठक में छह ऑटो रूटो का निर्धारण किया गया है। इसी क्रम में गांधी चैक, पटेल चैक, पुल दरवाजा, बस स्टैंड, सलापुर नहर, जेल के सामने ऑटो स्टैंड चिन्हित कर चूने की लाइन डलवाई गई तथा ऑटो को व्यवस्थित तरीके से रूटवार संचालन के लिए खड़े करवाए गए। इस दौरान नगर पालिका के अमले के साथ शहर के गांधी चौक, जय स्तंभ, पटेल चौक, बड़ौदा रोड, कंट्रोल रूम के सामने, मेन बाजार, तहसील चौराहा, पुल दरवाजा आदि स्थानों पर सड़क पर अनाधिकृत खड़े हुए ठेलो को हटवा कर कार्रवाई की गई तथा अस्थाई अतिक्रमण एवं दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवा कर उनको हिदायत दी गई कि वह अपना सामान दुकान से बाहर न रखें, दुकान के बाहर फुटपाथ पर अस्थाई अतिक्रमण करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ऑटो पर भी रूट वाइज नंबर डलवाए गए।

बालिका शिक्षा को सामाजिक सरोकारों से जोडें:कार्तिकेय

श्योपुर। बालिका शिक्षा विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, बालिका शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोडते हुए समाज में परिवर्तन लाने के लिए कई दिशाओं में कार्य करने की आवश्यकता है। इनमें मातृत्व स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा भी एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। यह बात जिपं सीईओ कार्तिकेय जायसवाल ने मंगलवार को महात्मा गांधी सेवा आश्रम में बालिका शिक्षा के अंतर्गत चल रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। जिपं सीईओ कार्तिकेय जायसवाल ने बालिका शिक्षा के इस महती कार्यक्रम के लिए सभी शिक्षकों, असिस्टेंट प्रोग्राम मेनेजर मौसम की प्रशंसा की तथा अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महात्मा गांधी सेवा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने तथा कार्यक्रम का संचालन बालिका शिक्षा कार्यक्रम के सलाहकार जयसिंह जादौन ने किया।

सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व देने वाली मंडी रोड के हाल-बेहाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जैदा स्थित कृषि उपज मंडी जो धान खरीद में प्रदेश में नए रिकॉर्ड स्थापित कर सरकार को करोड़ों रुपया राजस्व दिलाने में कामयाब रही है और इसी के लिए वह डी और सी ग्रेड से बाहर निकलकर ए ग्रेड में पहुंच गई है ऐसी सरकार को मालामाल करने वाली कृषि उपज मंडी का रोड किस हालत में है इसकी बानगी मंगलवार को तब देखने को मिली जब सड़क पर हो रहे बड़े-बड़े गड्ढों में एक ट्रैक्टर अपने दो पैरों पर खड़ा हो गया गनीमत यह रही की ट्रॉली पलटते पलटते बची अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। इससे पहले भी इस रोड पर किसानों की अनाज से भरी ट्रॉली पलट चुकी है।

बाइपास को मिलेगी गड्ढों से निजात, शुरू होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शिवपुरी रोड से पाली रोड तक निकले बाइपास का जो अधूरा काम पूर्व में छूट गया था अब नगर पालिका उसे पूरा करने में जुट गई है। रोड की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। एक-दो दिन में ठेकेदार डामरीकरण शुरू कर सकता है।

जिला अस्पताल शिवपुरी रोड से एफसीआई गोदाम पाली रोड तक बाइपास के जीर्णोद्धार का काम पूर्व में शुरू किया था लेकिन जिला अस्पताल से रेलवे फाटक तक रोड पर डामरीकरण कर काम रोक दिया गया और रेलवे फाटक से एफसीआई गोदाम तक काम नहीं होने की वजह से राहगीरों को परेशानी आ रही थी आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही थी लोग नगर पालिका से इस रोड को पूरा करवाए जाने की मांग कर रहे थे। नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने सोमवार मंगलवार को रोड पर जमी मिट्टी को मशीन के माध्यम से साफ करा दी। अब रोड पर डामरीकरण किया जाएगा जिससे रोड में हो रहे गड्ढों से निजात मिल सकेगी।

बालिकाओं ने दिखाया शौर्य कौशल, डांडिया अखाड़ा का मिला जुला कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



नवरात्रि उत्सव कार्यक्रम के तहत शहर में चल रहे आयोजनों के क्रम में सोमवार की रात को नगर पालिका भवन के सामने गांधी पार्क के पास डांडिया नृत्य एवं अखाड़ा का मिला जिला कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बालिकाओं ने अपने शौर्य कौशल का ऐसा प्रदर्शन किया कि देखने वालों ने दांतों तले उंगली दबा ली।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में आयोजित डांडिया एवं बालिकाओं द्वारा अखाड़ा प्रस्तुति' कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा अखाड़े में शौर्य कौशल अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे एसपी मोतिउर रहमान ने अखाड़ा बाजी के कौशल दिखाने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया। इस दौरान पंडाल में गगन भेदी नारे भी लगातार लगते रहे। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधी सुजीत गर्ग,अनिता सिकरवार, गिर्राज सर्राफ आदि गणमान्य नागरिक तथा विहिप व बजरंगदल के कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

अनदेखी उजागर, सडकों के रखरखाव की तरफ ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

सड़क किनारे ऊग आए बबूल और कांटेदार झांड़िया, हर पल सता रहा एक्सीडेंट का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



जिले में ग्रामीण क्षेत्र के कई सडक मार्गो पर सड़क किनारे उगी बबूल और कांटेदार झाड़यिां राहगीरों व वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या बन गई हैं। सड़क किनारे लटक रही झाड़यिों के कारण न केवल सड़क की चैड़ाई कम हो गई है बल्कि सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते जिससे हर समय हादसे की खतरा बना रहता है। लेकिन इसके बाद भी विभागीय अधिकारी इस दिशा में बेसुध बने हुए है। इस मामले में जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी यह भी बता रही है कि वे सडक मार्गो का रखरखाव और निगरानी कितनी गंभीरता से कर रहे है। इस मामले में सरपंच संगठन ने कलेक्टर शीला दाहिमा को पत्र सौंपकर इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

खास बात यह है कि इस मामले में कलेक्टर शीला दाहिमा ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियो को निर्देश जारी कर दिए है, साथही इस मामले को टीएल में लिए जाने के निर्देश भी प्रदान कर दिए है। बता दें कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर पक्की सडकों का निर्माण लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के द्वारा कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बनी कई सडकों के किनारे इस समय बबूल के पेड और कांटेदार झांडिया उग आई है। बबूल के पेड और कांटेदार झाडियों के उगने से सडके सकरी हो गई है जो इन सडको से गुजरने वाले वाहन चालकों खासकर बाइक चालको के लिए सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। इनस्थितियों के कारण कई बार इन सडकों पर सडक हादसे भी घटित हो चुके है जिनमें लोगो की जान तक जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झाड़यिां न केवल दुर्घटना का कारण बन रही हैं बल्कि रात के समय दृश्यता और भी कम हो जाती है जिससे सड़क पर आवागमन करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। बता दें कि जिले के सडक मार्गो पर आए दिन सडक दुर्घटनाए हो रही है। इसके साथही कई सडकों के शोल्डर भी क्षतिग्रस्त हो गए है।

इन सड़कों पर बनी हादसे की स्थिति

जिले के ग्रामीण क्षेत्र के जिन सडकों पर बबूल और कांटेदार झाडियो के उगने हादसे का खतरा बना हुआ है,उनमें श्योपुर खातौली रोड, श्योपुर बडौदा रोड, तुलसेफ होते हुए पांडोला से किलोरच रोड, पच्चीपुरा प्रेमसर रोड, ढोटी ननावद रोड, चंद्रपुरा भंसुदर रोड, चैंडपुर से कूंडहवेली, काठौदी, लूंड होकर तुलसेफ तक जाने वाली सडक, चंद्रपुरा लूंड सडक,किशोरपुरा हिरनीखेडा सडक, खेडली से आवदा मार्ग आदि सडक मार्ग शामिल है।

कलेक्टर से मिला सरपंच संगठन, कहा जिम्मेदारों की अनदेखी खतरे में डाल रही लोगों की जान



सडक किनारे बबूल और कांटेदार झाडियो के उगने से हादसे का खतरा उत्पन्न होने पर राष्ट्रीय सरपंच संगठन श्योपुर ने खासी चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा से मिलकर उन्हें इस संबंध में एक पत्र सौंपा है। पत्र सौपने के दौरान सरपंच संगठन के अध्यक्ष योगेश मीणा, सचिव महावीर सिंह मीणा ने कलेक्टर को अवगत कराया कि नियमो के अनुसार वर्ष में दो बार तथा वर्षा ऋतु के बाद सडको के सोल्डरों की सफाई कराया जाना अनिवार्य है। इसके लिए शासन की ओर से लाखो का बजट भी लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग सहित अन्य सडक बनाने वाले विभागो को दिया जाता है। लेकिन विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत जनता की जान को खतरे में डाल रही है। सरपंच संगठन ने जिले की सडकों की बदहाल स्थिति में जल्द सुधार किए जाने की आवश्यकता जताई,साथही जल्द ही इस मामले में कार्रवाई न होने पर जनहित याचिका के जरिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी है।

हाईकोर्ट जाएंगे

इस संबंध में हमने कलेक्टर मैडम को पत्र दिया है और कलेक्टर मैडम ने हमे जल्द ही कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। लेकिन इसके बाद भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हम माननीय उच्च न्यायालय में पहुंचकर इस मामले को लेकर जनहित याचिका जरूर लगाएंगे।

महावीर सिंह मीणा
भाजपा नेता एवं सचिव सरपंच संगठन, श्योपुर

श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की अगुवा रही राजमाता: शशांक



श्योपुर। जब देश में राम जन्मभूमि आंदोलन शुरू हुआ तो आंदोलन को फाइनेंशली और मानसिक रूप से मजबूत करने का काम राजमाता विजय राजे सिंधिया ने किया था। उनके द्वारा जो जनआंदोलन शुरू किया था उसकी ही परिणीति है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को गुलामी का प्रतीक बाबरी मस्जिद ढांचे के स्थान पर राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण कर दिया है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने श्री राम धर्मशाला में भाजपा एवं जनसंघ की सहसंस्थापक राजमाता विजयाराजे सिंधिया के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शब्दांजलि देते हुए कही। भाजपा की लंबे समय तक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रही दिवंगत नेत्री विजयाराजे सिंधिया को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को श्री राम धर्मशाला में भाजपा नेता एकत्रित हुए जिन्होंने उनकी चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने उनके जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश भर में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ा परिश्रम किया। वह राम रथ यात्रा और राम जन्मभूमि आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय वह पार्टी के मुख्य सह-संस्थापकों में शामिल थीं और 1980 से 1998 तक पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहीं 1967 में वह भारतीय जनसंघ में शामिल हुईं। उनके प्रभाव से मध्य प्रदेश और विशेषकर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में जनसंघ का आधार काफी मजबूत हुआ वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नीतियों का कड़ा विरोध किया, जिसके चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने जेल में रहकर तानाशाही के खिलाफ संघर्ष किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा नेताओं ने उनके बताएं रास्ते पर चलकर जनता की सेवा करने का प्रण भी लिया।



एसैप छात्र संघ ने कॉलेज में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

श्योपुर। पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्योपुर में विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं, शिक्षकों की कमी, लंबित छात्रवृत्तियों को लेकर मंगलवार को एसैप छात्र संघ श्योपुर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया और प्राचार्य को सात प्रमुख मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी ने बताया कि प्राचार्य को दिए ज्ञापन में प्रमुख रूप से भूगोल एवं संस्कृत विषय के शिक्षकों की नियुक्ति, लॉ कॉलेज में शिक्षकों की कमी दूर करने तथा लंबित छात्रवृत्तियों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त कक्षाओं एवं पुस्तकालय में खराब पंखों की मरम्मत कराने, पार्किंग क्षेत्र में पेयजल, शौचालय एवं नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों के पहचान-पत्र की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू करने तथा उचित छात्र सहायता केंद्र स्थापित करने की मांग रखी गई।

खबर संक्षेप

ट्रैक्टर की टक्कर से 5 वर्षीय बालक की मौत

अशोकनगर। जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत ग्राम खामपुरा निवासी मोहन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने अपने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के नाती को टक्कर मार दी जिससे 5 वर्षीय मुक्स पुत्र केदार आदिवासी को आई चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मर्ग की जांच पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत 7 अगस्त को अरूण केवट पुत्र भरत केवट उम्र 28 साल निवासी रांवसर जागीर की मौत हो गई थी। जिसमें उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। मर्ग की जांच पर से पुलिस ने शंकरपुर निवासी सुनीता और सोना केवट के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का मामला दर्ज किया है।

धोखाधड़ीपूर्वक खाते से 68 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम कुलवार निवासी योगेश सोलंकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात आरोपी ने फरियादी के खाते से 68000 रूपए निकाल लिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

सर्पदंश से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम थूवोन निवासी शिवानी पुत्री कल्ला आदिवासी उम्र 12 साल को सर्प ने डस लिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

करंट लगने से युवक की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत अमाही पछार निवासी रामबाबू पुत्र पूरन सिंह कुशवाह उम्र 42 साल को खेत पर बिजली का करंट लग गया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

घर में रखे गद्दे और कपड़ों पर पेट्रोल डालकर आग लगाई

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी मुन्नी बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजेन्द्र यादव उम्र 37 साल उसके घर में उससे पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और घर में रखे कपड़े व विस्तर पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमखेडा छुईपुरा निवासी अमरसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामकिशन, भैयालाल, परमाल कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कतियापुरा चंदेरी निवासी रामप्रसाद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गब्बर अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरादपुर निवासी दयाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुकेश, रामप्रकाश अनिल, संजना और कृष्णाबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंघार निवासी महिपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नेपाल, धुरव, ममतेश बाई यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी मूलचन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामसिंह, और रविन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पारसौल निवासी रामसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मूलचन्द्र और संटू जाटव ने उससे मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कांकड़ा निवासी प्रमोद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धर्मेन्द्र और विजय अहिरवार ने उससे मारपीट की। पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जितेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की।

नई फसलों के आने से बाजार में रौनक नजर आने लगी

मंडी में 20 हजार बोरी मक्का की आवक, नई फसलों में सोयाबीन व उड़द का भी आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कृषि उपज गल्ला मंडी अशोकनगर में खरीफ की नई फसलों का आगमन शुरू हो गया है। मंडी में पहली बार 20 हजार बोरी मक्का की बंफर आवक हुई, यह इस सीजन में पहली बार आवक है। नई फसलों में सोयाबीन और उड़द का आगमन भी मंडी में हो गया है। शुरूआती दौर में नई फसलों में तेजी का रूख है, जिससे लग रहा है कि आने वाले दिनों में यह फसलें और भी अधिक दामों पर पहुंचेगीं। अशोकनगर मंडी में नई फसलों में मक्का अब बड़ी फसल हो गई है। हालांकि मक्का इस वर्ष किसानों ने गत वर्ष मिले कम दामों के कारण कम रकबे में बोई थी। जिन किसानों का रूख सोयाबीन से हटकर मक्का की ओर हो गया था उन किसानों का रूख फिर से मक्का से सोयाबीन की ओर हो गया है इससे 50 हजार हेक्टयेर क्षेत्र में मक्का की बोवनी कम हुई है और सोयाबीन का उत्पादन पहले की तरह किसानों ने किया है।

सोयाबीन के दाम गतवर्ष से 1000 रुपए अधिक

इसी प्रकार अशोकनगर गल्ला मंडी में सोयाबीन की आवक 5000 बोरी रही, नए सोयाबीन की आवक होने के साथ दाम भी 6000 से 6500 के बीच में रहे। इस बार नए सोयाबीन के आते ही दाम तेजी की ओर हैं, लगभग 1000 रुपए अधिक दाम गतवर्ष की तुलना में अधिक हैं। गतवर्ष जब मंडी में सोयाबीन का आगमन हुआ था तब दाम 5500 खुले थे। गल्ला व्यापारी राजेश पालीवाल ने बताया कि गत वर्ष से 1000 रुपए की तेजी है और आगे भी दिशावर बता रही हैं कि सोयाबीन में तेजी का रूख हो सकता है। हालांकि सोयाबीन में नमी आ रही है लेकिन उसके बाद भी दाम अधिक हैं। कई ट्रक माल प्लांटों की ओर जा रहा है तो कई व्यापारी अभी से सोयाबीन का स्टॉक करने में लगे हैं, प्रतिदिन आधा दर्जन ट्रक महानगरों की ओर जा रहे हैं।

मक्का तोड़ रही रिकार्ड, 20 हजार बोरी माल की आवक



अशोकनगर गल्ला मंडी में मक्का की आवक 20 हजार बोरी की रही। लगभग 600 ट्राली मक्का गल्ला मंडी में पहुंची। मक्का के दाम 1500 से 2400 के बीच रहे। अभी मक्का में नमी देखने को मिल रही है उसके बाबजूद भी दाम शुरूआती दौर में गतवर्ष से अधिक हैं। इस वर्ष यह उम्मीद जताई जा रही है कि मक्का के दाम तेज रहेगें अगर ऐसा हुआ तो किसानों को रूख फिर से मक्का की ओर हो सकता है। वर्तमान में अशोकनगर गल्ला मण्डी से मक्का राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की ओर जा रही है। कुछ व्यापारी मक्का का स्टॉक कर रहे हैं लेकिन मक्का की शुरूआत को देखते हुए लगता है कि इस बार मक्का के दाम अधिक रहने की संभावना है।

मंडी में उड़द के दाम भी तेज स्टॉक करने में व्यापारी जुटे

मंडी में उड़द पिछले 20 दिनों से आ रही है। शुरूआत में उड़द 2500 से 3000 बोरी की आवक हो रही थी, वर्तमान में 1000 बोरी माल की आवक रही। मंडी में उड़द के दाम भी तेज चल रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार 6000 से 8500 के बीच उड़द बिक रही है। जिसमें माल में मिलावट है या क्वालिटी कमजोर है उसके दाम कम है। जिस माल की क्वालिटी अच्छी है उसके दाम अधिक मिल रहे हैं। उड़द को लेकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस बार उड़द में तेजी का रूख रहने की संभावना है। जिसे लेकर व्यापारी अभी से स्टॉक करने में लगे हैं।

मंडी में नई धान की आवक 300 बोरी रही

मंडी में नई फसलों में धान की 300 बोरी आवक सोमवार को रही। मंडी में नया धान भी आने वाले दिनों में और अधिक आवक के रूप में आने की संभावना है। मंडी में धान के दाम 3200 से 3500 रुपए क्विंटल के बीच रहे। मण्डी में अन्य फसलों में चना की आवक 300 बोरी रही, और दाम 6300 से 7300 के बीच में रहे, मसूर की आवक 75 बोरी रही और दाम 6000 से 6700 के बीच रहे। सरसों की आवक 500 बोरी रही और दाम 7400 से 7900 के बीच में रहे।

मंत्री सिंधिया डाकघर के नए भवन का करेंगे शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिले के तीन दिवसीय भ्रमण आ रहे हैं। जिसके अंतर्गत वह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। केन्द्रीय मंत्री के 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को जिले के भ्रमण के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यकमों एवं बैठकों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु संबंधित अधिकारियों की डयूटी लगाई जाए।

भ्रमण के दौरान 16 अक्टूबर को केन्द्रीय मंत्री द्वारा करीला माता मंदिर में दर्शन तथा आदिवासी सम्मेलन, मुंगावली में दिशा बैठक एवं प्रेस कांफ्रेस, सेहराई में हितग्राहीयों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा। 17 अक्टूबर को चंदेरी किला कोठी पर जनसंपर्क, निर्माणधीन अस्पताल का निरीक्षण, ग्राम चैपाल में भाग लेगें। साथ ही अशोकनगर में पोस्ट आफिस का उद्घाटन, विकास कार्यो का उद्घाटन एवं शिलान्यास एवं युवा संगम कार्यक्रम में भाग लेगें। इसी प्रकार 18 अक्टूबर को जनसंपर्क कार्यालय में जनसंपर्क करेंगे। शासकीय विधि महाविद्यालय के समीप निर्मित होने वाले नवीन कॉल सेंटर भवन का भूमिपूजन करेगें। साथ ही कौशल विकास सम्मेलन का आयोजन तथा आपदा राहत युवा मित्र कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात नगर सौदर्यीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करेगें।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति, समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए जिले की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोकसेवा अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में स्वामित्व योजना का जिले में क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए ई केवाईसी, रजिस्ट्री इनीशिएशन तथा रजिस्ट्री सत्यापन के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

आनंदपुर ट्रस्ट में पड़ोसी देश से आए 199 दर्शनार्थियों को दिल्ली वापस रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आनंदपुर ट्रस्ट में श्री पंचम पादशाही के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में पाकिस्तान से आए 199 सिंधी दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए अशोकनगर पुलिस ने किए व्यापक पुलिस वेरीफिकेशन प्रबंध, निर्धारित अवधि पूर्ण होने पर आवश्यक सत्यापन एवं जांच उपरांत सभी को दिल्ली के लिए रवाना किया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आनंदपुर ट्रस्ट में श्री पंचम पादशाही के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आए 199 सिंधी दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए गए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 17 सितंबर 2026 को आनंदपुर ट्रस्ट पहुंचे उक्त पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इमिग्रेशन संबंधी कार्यवाही, फोटोग्राफ का मिलान, पासपोर्ट एवं वीजा का सत्यापन तथा आवश्यक जांच की गई। उनकी सुरक्षा एवं गतिविधियों की निगरानी के लिए निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। प्रवास अवधि के दौरान पुलिस द्वारा सभी दर्शनार्थियों के आवागमन पर निगरानी रखी गई। निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के तहत उनका प्रवास आनंदपुर ट्रस्ट परिसर स्थित समाधि स्थल तक सीमित रहा तथा निर्धारित व्यवस्था के अतिरिक्त अन्यत्र भ्रमण नहीं किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी संबंधी दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया गया।

जुए के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में दो स्थानों पर पुलिस ने जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई की है। शाढौरा पुलिस ने कुम्हार मोहल्ला में घाटी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अंतिम रघुवंशी, राजा खान, नवीद खान, सलमान खान, ताजउददीन खान, फूलसिंह अहिरवार को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 4300 रूपए और ताश की गड्डी बरामद की है। इसी प्रकार चंदेरी पुलिस ने पुराने थाने के पीछे कटरा मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए बारिस अली, इंतजार अली, इमरान खान को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1870 रूपए और ताश की गड्डी जप्त की गई है।

डीएसओ ने दिल्ली में हो रहे आंदोलन के समर्थन में दूसरे दिन भी अशोकनगर में विरोध प्रदर्शन किया



अशोकनगर। देश की राजधानी दिल्ली में हो रहे आंदोलन के समर्थन में अशोकनगर में भी डीएसओ ने दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया और इसकी निंदा की। इस मौके पर कहा गया कि दिल्ली में डीएसओ के छात्र नेताओं सहित अन्य कई हजारों छात्र छात्राओं व जाने-माने लोग, वकील, हजारों आम लोग और यहाँ तक कि इंडिपेंडेंट मीडिया के सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। हम इस अघोषित इमरजेंसी की कड़ी निंदा करते हैं और देश भर के लोगों से इसके खिलाफ़ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की अपील करते हैं। हम शासन के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाते हैं। दिल्ली में डीएसओ के मध्यप्रदेश के नेतृत्व कारी पदाधिकारियों को पुलिस के द्वारा डिटेन किया गया जिसकी डीएसओ निंदा करता है।

खास बातें

- किसी भी तरह के शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलनो में पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए।
- एसआईआर को रद्द किया जाए।
- ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त किया जाए।
- किसी भी नाम पर आंदोलनकारिओं को अरेस्ट करना उन्हें डिटेन करने जैसे निंदनीय कदम पर रोक लगाई जाए।
- लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए अनुमति दी जाए।

पिपरई में रेखा मौसी ने सजाया मां दुर्गा का भव्य दरबार, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेखा मौसी द्वारा मां दुर्गा की भव्य एवं मनमोहक झांकी सजाई गई है। माता रानी का दरबार आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। रेखा मौसी द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ माता रानी की झांकी का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा की आराधना करते हैं। माता रानी के जयकारों और भक्ति से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। रेखा मौसी ने नगरवासियों से आयोजन में शामिल होकर माता रानी के दर्शन करने तथा पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने मां दुर्गा से समस्त नगरवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

जनगणना 2027 की अनुदेश पुस्तिका कलेक्टर को भेंट की

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय को सोमवार को जनगणना 2027 की अनुदेश पुस्तिका को अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन सिंह, संयुक्त निदेशक जनगणना रामावतार पटेल, जमील खान जिला जनगणना प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

ईसागढ़ में भाजपा की मासिक बैठक संपन्न, राजमाता विजयाराजे सिंधिया को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



नगर के रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी मंडल ईसागढ़ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मंडल के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके द्वारा स्थापित किए गए उच्च आदर्शों को याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजमाता विजयाराजे सिंधिया के राजनीतिक जीवन, उनके आदर्श विचारों और नैतिक आचरण को याद किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उनके विचारों और सिद्धांतों को समाज एवं जनसेवा के कार्यों में प्रेरणादायी बताया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष केशव जोशी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविंद सोनी, मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,मंडल महामंत्री प्रदीप सेन एवं गंगाराम वाल्मीकि सहित प्रणव औदिच्य, अरविंद, अन्ना विवेक तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की नियमित गतिविधियों, मंडल स्तर पर पार्टी के कार्यों और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की गई।पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आपसी समन्वय के साथ संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

अग्रसेन जयंती के समापन समारोह में अग्रवाल समाज के प्रांतीय अध्यक्ष शामिल हुए

पुरस्कार वितरण व मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





विगत चार दिनों से अग्रवाल पैलेस में आयोजित अग्रसेन जयंती का समापन समारोह पूर्वक किया गया। इस समापन अवसर पर अग्रवाल महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष कैलाश मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसेन महाराज की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ की गई। इस मौके पर अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मितल ने महाराज अग्रसेन के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे और कहा कि हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलें, पीड़ित मानवता की सेवा ही महाराजा अग्रसेन के सिद्धातों को आगे बढ़ाने में सहायक है। उनके द्वारा समाज को दिए गए संदेश को हम सभी मिलकर आगे तक ले जाएं। इसी मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन परोपकार के संदेशों से भरा पड़ा है। अशोकनगर में अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जंयती का पर्व जिस उत्साह से मनाया है और अपनी अपनी सहभागिता प्रदान की है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बसंल ने भी अतिथियों का सम्मान करते हुए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

सभी अग्रवाल बंधुओं के साथ अग्रवाल महिला महासभा द्वारा अशोकनगर में एक बर्तन बैंक का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य डिस्पोजल का कम से कम उपयोग करना है। इसके बाद महिलाओं द्वारा एक बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किया गया। जो भारत के विभिन्न राज्यों से संबंधित नृत्य था। इसके बाद पुरस्कार वितरण एवं समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन एवं समाज के बहुत बड़ा वर्ग उपस्थित रहा। अंत में मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट कर उनका सम्मान किया गया। अंत में समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल एवं मनीष बंसल ने समाज जन एवं सभी का आभार प्रकट किया।



भाजपा मंडल शाढ़ौरा ने विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

भाजपा मंडल द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें नमन कर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुनील रघुवंशी द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी सुनील रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह सेजी, नगरपरिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, वरिष्ठ नेता मुन्नालाल नामदेव, मंडल उपाध्यक्ष हर्षित जैन, भूपेंद्र दुबे, शिवराज सिंह कुंदौरा, सत्येंद्र चैरसिया,प्रदीप साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष रामू रघुवंशी, मीडिया प्रभारी राजकुमार रघुवंशी, नागेंद्र सिंह, सानू चैरसिया,विवेक तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, मोहन सिंह, बारेलाल खटीक, नासिर खान, अरुण रघुवंशी विनय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।